PRABODHAN EDUCATION SOCIETY'S
VIDYA PRABODHINI COLLEGE OF COMMERCE, EDUCATION, COMPUTER AND MANAGEMENT, VIDYANAGAR, PARVARI, GOA.
F.Y.B.A.B.Ed. SEMESTER END EXAMINATION
APRIL 2019 (REGULAR)

SUB: HINDI (optional) काव्य,कथा, व्याकरण एवं रचना (HNO-02)

SEMESTER: II **DURATION:2 HOURS** **MAX.MARKS :70**

====== ==

सूचनाएँ-

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2) प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें ।
3) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए ।
4) दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

प्र.1.अ.निम्नलिखित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में लिखिए। **(02×05=10)**

i) 'शामें बेच दी हैं' इस कविता में कवि ने अपनी मूल स्मृतियों में रास्ता तलाश करने की कोशिश किस प्रकार से की है ?
ii) 'तुम ही नहीं मिले जीवन में' कविता के भावार्थ को समझाइए।
iii) कच्ची सड़क को पक्की सड़क में बदलने से कौन से परिवर्तन आ गए हैं ?
iv) 'सात भाइयों के बीच चम्पा' कविता में कवि ने जिजीविषा को किस प्रकार से व्यक्त किया है ?

आ) निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेकार्थी शब्द लिखिए । **(10×½=05)**

1) दल 2) कर 3) मधु 4) विग्रह 5) अरुण
6) जाल 7) तीर 8) शुद्ध 9) स्नेह 10) हार

प्र.2.अ. निम्नलिखित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखिए। **(02×05=10)**

i) आत्मरक्षा के लिए दुर्योधन ने क्या किया ?
ii) आर.एस.आर कार्यक्रम द्वारा किए गए कार्य को रेखांकित कीजिए।
iii) लेखक ने फेन्स का चित्रण किस प्रकार किया है ?
iv) लेखक के अनुसार अध्यक्ष कैसे बनते हैं ?

आ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए । **(05×01=05)**

1) आँख में धूल झोंकना 2) किनारा कसना 3) खून पसीना एक करना
4) पैरों तले की जमीन खिसकना 5) छाती पर पत्थर रखना

प्र.3.अ. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । (लगभग **200** शब्दों में) **(05)**

1. वे आदमी से बड़े सत्य हैं।
जो दूसरे की बात कहते हैं,
जिनमें आकर्षण है लेकिन जान नहीं,
जो चौराहों पर खड़े रहते हैं,
सब की राह रोकते हैं,
सब को टोकते हैं,
लेकिन किसी से कोई मतलब नहीं रखते,

अथवा

2. व्यक्ति - व्यक्ति के बीच खाइयाँ लहू बिछा मैदानों में
घूम रहा है युद्ध सड़क पर शान्ति छिपी शमशानों में
जंजीरें कट गई गईं मगर आजाद नहीं इन्सान हुआ
दुनिया - भर की खुशी कैद है चाँदी - जड़े मकानों में।

आ.i . "सुन ले ! सुनाने के लिए ही कह रहे हैं हम। रनवीर एक दिन चाखी पीसेगा, रोटी थापेगा। और हमारी बसुमती, कागज लिखेगी, हुकुम चलाएगी, राज करेगी।" **(05)**

अथवा

ii. अरे, अपने सारे सहयोगियों की हत्या का कलंक अपने माथे पर लगाकर तू कायरों की भांति अपने प्राण बचाता फिरता है। तुझे लज्जा नहीं आती ? **(05)**

प्र. **4.**अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों में लिखिए । **(10)**

'अकाल में दूब' कविता किसान जीवन के जीवटता को व्यक्त करती है स्पष्ट - कीजिए ।

अथवा

प्र.4.आ. टिप्पणियाँ लिखिए । (लगभग **200** शब्दों में) **(05+05=10)**

i) 'ये जो शहतीर है' गजल में परिवर्तन की पूकार ।

ii) 'इस स्त्री से डरो' कविता में नारी की संवेदना ।

प्र. 5.अ. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **400** शब्दों में लिखिए । **(10)**

'वापसी' कहानी परंपरा और आधुनिकता की टकराहट की कहानी हैं कथन पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्र.5.आ. टिप्पणियाँ लिखिए । (लगभग **200** शब्दों में) **(05+05)**

i) पेशेवर अध्यक्ष ।

ii) 'फेन्स के इधर और उधर' कहानी के पड़ोसी ।

प्र. 6. निम्नलिखित **किन्हीं दो** की वैचारीक टिप्पणी लिखिए । **(05+05)**

1) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

2) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत।

3) अंधो के आगे रोना, अपना दीदा खोना।

4) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे।

__________समाप्त__________